Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to fill up vacant post in Nicobar administration and resume the palm oil farming.

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): सभापति महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। अंडमान निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन ने 14 दिसम्बर, 2021 में एक आर्डर इश्यू किया था। इस आर्डर के तहत यह कहा गया था कि जो भी अंडमान निकोबार के आफिशियल डिपार्टमेंट्स हैं, उनकी सभी वैकेंट पोस्ट्स को भरा जाए। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपने विषय बदल दिया है।

श्री कुलदीप राय शर्मा : सर, मैं उसी पर आ रहा हूं। मेरी आपके द्वारा सरकार से विनती है कि अंडमान निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन को यह डायरेक्शन दी जाए कि वहां जो भी पोस्ट्स वैकेंट हैं, वहां करीब दस हजार पोस्ट्स वैकेंट हैं, ये दस हजार पोस्ट्स वहां के बच्चों को दी जाएं।

माननीय सभापति: आपने पॉम ऑयल के बारे में अनुरोध किया है। आप वही विषय रखिए।

श्री कुलदीप राय शर्मा : सर, वह भी इसमें है। दस हजार बच्चों को उसमें नौकरी मिलेगी। ऑनलाइन द्वारा इसमें भर्ती नहीं की जाए, क्योंकि अंडमान निकोबार के अंदर अनइंप्लायमेंट बहुत बड़ा इश्यू है। वहां लाखों की तादाद में बच्चे बेरोजगार हैं। उनको नौकरी मिलेगी, तो वह उनके जीवन जीने का एक जरिया होगा।

दूसरा, भारत सरकार ने 11 हजार करोड़ रुपये एडिबल ऑयल और पॉम ऑयल के लिए बजट में प्रोविजन रखा है, जिसमें 6 लाख हेक्टेअर से ज्यादा जमीन पर पॉम ऑयल प्लांटेशन किया जाए। अंडमान निकोबार में लिटिल अंडमान एक आइलैंड है। इसके अंदर वर्ष 1978 में यह सरकार के द्वारा स्टार्ट हुआ था, लेकिन नवंबर, 2017 में इसे बंद कर दिया गया।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट है कि प्लांटेशन को दोबारा खोला जाए। अगर यह स्कीम के अंदर आ जाएगा तो लिटिल अंडमान के हजारों की तादाद में बच्चों को नौकरियां मिलेंगी। जैसे हटबे है, आरकेपुर है, वीकेपुर है, रविन्द्र नगर है, नेताजी नगर है, वहां अनइंप्लायमेंट इश्यू बहुत ज्यादा है। वहां के लोगों को नौकरियां मिलेंगी।

मेरा लास्ट पॉइंट है। वहां लांग आइलैंड नामक एक छोटा सा आइलैंड है। वर्ष 1956 में वहां बोट बिल्डिंग का काम स्टार्ट हुआ था, छोटी-छोटी बोट बनाने का काम शुरू हुआ था, लेकिन वह काम अब बंद हो गया है। मेरी आपके द्वारा सरकार से डिमांड है कि दोबारा लांग आइलैंड के अंदर बोट बिल्डिंग को स्टार्ट किया जाए, जिससे वहां दो-चार सौ बच्चों को नौकरियां मिल जाएं। अनइंप्लायमेंट अंडमान निकोबार की सबसे बड़ी समस्या है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति: जीरो ऑवर में एक ही मांग रखते हैं।

… (<u>व्यवधान</u>)